मुरली वाले की मैं तो हुई दीवानी

मुरली वाले की मैं तो हुई दीवानी,
मैं तो हुई दीवानी मोहन, मैं तो हुई मस्तानी,
मुरली वाले की मैं तो हुई दीवानी....

बांध दे मेरे हाथ में कंगना,
बन जा मोहन मेरा सजना,
मैं सजनी दीवानी,
मुरली वाले की मैं तो हुई दीवानी,
कलुआ कारे की मैं तो हुई दीवानी....

गली-गली तुझे ढूंढती डोलू,
श्याम श्याम मैं मुख से बोलूं,
बन गई प्रेम कहानी,
मुरली वाले की मैं तो हुई दीवानी....

तेरे बिना मुझे कछु ना सुहावे,
तेरे विरह की याद सतावे,
आजा दिलबर जानी,
मुरली वाले कि मैं तो हुई दीवानी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26278/title/murli-wale-ki-main-to-huyi-diwani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |